हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


12 चित्रकला में नितिन, निबंध में पंकज व रंगोली स्पर्धा...


13 चार दशक का इंतजार खत्म सुखी नहर में बही जीवनधारा

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

# स्कूलों में लें साप्ताहिक टेस्ट, कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा ने शैक्षणिक संस्थानों के निरीक्षण के तहत आज स्वामी विवेकानंद शासकीय विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों और छात्रों की नियमित उपस्थिति, पाठ्यक्रम पूर्ण करने की प्रगति तथा छात्रों को रिवीजन की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक सप्ताह साप्ताहिक टेस्ट आयोजित किए जाएं। जिन विद्यार्थियों का प्रदर्शन साप्ताहिक परीक्षाओं में बेहतर रहेगा, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप रायपुर भ्रमण तथा बस्तर के महत्वपूर्ण स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा, ताकि उनमें प्रतिस्पर्धा और सीखने की प्रेरणा बढ़े। विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान कलेक्टर ने भौतिकी विषय को सरल और रोचक ढंग से समझाया। उन्होंने कुलॉम और किर्चाफ के नियम का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कक्षा में कोई बात गलत समझ में आए तो उसे दोहराकर सीखना चाहिए। क्योंकि बार-बार अभ्यास करने से वह बात लंबे समय तक याद रहती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कक्षा में सवाल ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कलेक्टर बने अध्यापक, विद्यार्थियों को पढ़ाया भौतिक विज्ञान



### हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल की जिम्मेदारी

जिला स्तरीय अधिकारियों को हर माह के तीसरे शनिवार को स्कूल निरीक्षण का दायित्व दिया गया है। सभी अधिकारी चिन्हाकित स्कूलों के निरीक्षण में आज पहुंचे। कलेक्टर के मार्गदर्शन में बस्तर जिले के शैक्षणिक संस्थाओं शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता लाने, विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को अच्छे परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, समय पर पाठ्यक्रम की पूर्णता एवं पंजियों का उचित संधारण किये जाने व अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का नियमित संचालन के निर्देश दिये जाने जिला स्तरीय अधिकारियों को एक शाला का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पंचायतों को 3,243 करोड़ कम राशि उपलब्ध कराना चिंता की बात : कश्यप

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2026 को प्रकाशित रिपोर्ट तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से राज्य में पंचायतों, आदिवासी विकास और सार्वजनिक धन के उपयोग को लेकर गंभीर प्रश्न सामने आए हैं।



उन्होंने कहा कि इन तथ्यों की निष्पक्ष समीक्षा आवश्यक है। सीएजी रिपोर्ट के अनुसार राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुरूप पंचायतों को लगभग 3,243 करोड़ कम राशि उपलब्ध कराई गई, जबकि पंचायतों के लगभग 61 प्रतिशत स्वीकृत पद रिक्त हैं। पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारभूत इकाई हैं, लेकिन पर्याप्त वित्तीय संसाधन और कर्मचारियों के अभाव में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा स्थानीय रोजगार जैसे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे गांवों के समग्र विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। आदिवासी क्षेत्रों में आज भी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता बनी हुई है। ऐसी स्थिति में विकास के लिए स्वीकृत राशि का उपयोग न हो पाना प्रशासनिक दक्षता और योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। ट्राइबल सब प्लान की राशि का उपयोग ▶▶| शेष पेज 12 पर

### गहमागहमी के बीच ग्रामसभा ने प्रस्ताव किया पारित

# धर्मांतरण पर रोक, इंजरम बना पादरी नो एंट्री जोन

एजेंसी ▶▶| सुकमा

ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए तय किया कि गांव में बाहरी पादरियों के प्रवेश पर रोक रहेगी तथा बिना ग्रामसभा की अनुमति किसी भी प्रकार की प्रार्थना सभा, चंगाई सभा या धार्मिक आयोजन नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में इन्हीं गतिविधियों के कारण गांव का सामाजिक माहौल प्रभावित हुआ था।

- दरभागुड़ा के बाद इंजरम में धर्मांतरण के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण

जिले के कोंटा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत इंजरम में पिछले कई दिनों से जमीन और धर्मांतरण को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार प्रशासन की पहल से शांत हो गया। बैठक में गांव में शांति, सामाजिक सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया।



### फंदीगुड़ा ग्रामसभा में प्रस्ताव पास

अलग खबर

फंदीगुड़ा में आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए तय किया कि गांव में बाहरी पादरियों के प्रवेश पर रोक रहेगी तथा बिना ग्रामसभा की अनुमति किसी भी प्रकार की प्रार्थना सभा, चंगाई सभा या धार्मिक आयोजन नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना था कि हाल के दिनों में इन्हीं गतिविधियों के कारण गांव का सामाजिक माहौल प्रभावित हुआ था, इसलिए भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए यह निर्णय लिया गया। जिले के ग्राम पंचायत इंजरम के ग्राम फंदीगुड़ा गांव में धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मूलाकिसोली पंचायत निवासी रामदास और मौसम नागेश गांव में प्रार्थना सभा एवं चंगाई सभा आयोजित कर धर्मांतरण को बढ़ावा दे रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 12 पर

### दरभागुड़ा के बाद इंजरम में बड़ा निर्णय

एक माह कोंटा ब्लाक के ग्राम पंचायत दरभागुड़ा में भी धर्मांतरण के विरूद्ध इसी तरह का निर्णय लिया गया था और पुनः इंजरम में भी धर्मांतरण के विरूद्ध ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया। इंजरम बैठक में यह भी मांग उठी कि अनुसूचित जनजाति के आरक्षण का लाभ लेकर शासकीय सेवा में कार्यरत ऐसे कर्मचारियों की जांच कराई जाए जिन पर धर्म परिवर्तन के बावजूद आरक्षण का लाभ लेने के आरोप हैं। कुछ ग्रामीणों ने धर्म परिवर्तन करने वाले परिवारों के जाति प्रमाण पत्र की जांच कराने और शासन से आवश्यक कार्रवाई की मांग भी की। ग्रामीणों का दावा है कि दरभागुड़ा के बाद सुकमा जिले में यह दूसरा गांव है, जहां धर्मांतरण के मुद्दे पर ग्राम स्तर पर इस प्रकार का निर्णय लिया गया है।

# विशेष लोक अदालत में 61 प्रकरणों का 1.47 करोड़ में किया राजीनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल के निर्देशानुसार 18 जुलाई को धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम, 1881 के प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें पक्षकारों के मध्य सुलह द्वारा धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम के समाधान हेतु 6 खण्डपीठों का गठन कर उक्त खण्डपीठों में प्रकरणों के निराकरण हेतु सुलहकर्ता सदस्यों के रूप में पेनल अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। विशेष लोक अदालत का उद्घाटन उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति द्वारा जिला न्यायालय में अपनी भौतिक उपस्थिति के माध्यम से एवं वर्चुअल माध्यम से राज्य के सभी जिलों में किया गया। उनके द्वारा जिला न्यायालय परिसर का निरीक्षण कर जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, प्रधान जिला न्यायाधीश गोविन्द नारायण जांगडे द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशेष लोक अदालत में 333 प्रकरणों को रखा गया था, जिसमें पक्षकारों के मध्य आपसी सुलह समझौता से 61 प्रकरणों का रुपए एक करोड़ 47 लाख 27 हजार 730 रुपए में राजीनामा के आधार पर उनका निराकरण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया।

# मां दंतेश्वरी मंदिर में भी चढ़ावे में गड़बड़ी की आशंका : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव उमाशंकर शुक्ला ने प्रेस विज्ञिप्त जारी में बताया कि बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में पिछले चार दशक से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक



मंदिर की कुल संपत्ति, प्राप्त चढ़ावे, सोने-चांदी के आभूषणों और अन्य दान का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं किया गया है। इसे लेकर अब शहर में चर्चा तेज हो गई है कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तरह यहां भी चढ़ावे में गड़बड़ी की आशंका की प्रबल संभावना है।

वर्ष 2020 में अदालत ने मंदिर की संपत्ति का ब्यौरा जल्द से जल्द सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। बावजूद इसके पिछले चार दशक से मंदिर की कुल संपत्ति, प्रति वर्ष प्राप्त चढ़ावे की राशि, सोने-चांदी के आभूषणों और अन्य दान का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं किया गया है। उन्होने कहा कि टेम्पल कमेटी जिसके लगभग सभी सदस्यों की मृत्यु हो जाने के बाद जिला प्रशासन उस टेम्पल कमेटी की आड़ में तहसीलदार के पास मंदिर ▶▶| शेष पेज 12 पर

### 4 दशक से संपति का सत्यापन नहीं

श्री शुक्ला ने कहा कि बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी का मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। लेकिन मंदिर की संपत्ति को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा। वर्ष 1981 के बाद से मंदिर की संपत्ति का सत्यापन नहीं हुआ। वर्ष 2020 में न्यायालय ने 90 दिनों के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आदेश दिया था, लेकिन वर्षों बाद भी न तो जांच पूरी होने की जानकारी सामने आई और न ही संपत्ति का आधिकारिक ब्योरा सार्वजनिक किया गया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर देरी की वजह क्या है। यही कारण है कि मां दंतेश्वरी के मंदिर में करोड़ों के गड़बड़ी की आशंका है।

### 22 मंदिरों की अचल संपत्ति सार्वजनिक हो

मां दंतेश्वरी मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि बस्तर की आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। दशकों से यहां श्रद्धालु सोने-चांदी के आभूषण, मुकुट, हार, सिक्के और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं देवी को अर्पित करते आ रहे हैं। स्वाभाविक है कि इतनी बड़ी संपत्ति का चार दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद मंदिर के खजाने का अद्यतन और सार्वजनिक हिसाब सामने नहीं आया है। इतना ही नही टेम्पल कमेटी के पास कुल 22 मंदिरों की अचल संपत्ति किन हालातों में है एवं उससे मिलने वाली आय का भी ब्योरा के साथ अद्यतन रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाने की आवश्यकता है।

# विपणन ने 1.09 अरब मंडी कर और निराश्रित शुल्क नहीं दिया

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के सातों जिले के राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. के जिला विपणन अधिकारी की ओर से 11 कृषि उपज मंडियों को शासकीय धान खरीदी पर मंडी शुल्क दिया जाता है, जिसके चलते वर्ष 2026-27 का एक अरब 8 करोड़ 95 लाख 55 हजार 337 रूपए बकाया है। इससे मंडी बोर्ड ने जिला प्रशासन को 23



करोड़ 10 लाख 94 हजार 351 रूपए निराश्रित शुल्क नहीं दे पाया। मंडी बोर्ड के अनुसार वर्ष 2026-27 के शासन धान खरीदी का कृषि मंडी जगदलपुर को 16 करोड़ 36 लाख 34 हजार 541, कोंडागांव को 13 करोड़ 20 लाख 42 हजार 513, केशकाल को 5 करोड़ 34 लाख 48 हजार 124, कांकेर 17 करोड़ 44 लाख 49 हजार 372, चारामा 8 करोड़ 10 लाख 2 हजार 079, सम्बलपुर 6 करोड़ 93 लाख 42 हजार 569, पंखाजूर को 11 करोड़ 92 लाख 8 हजार 273, गीदम को 4 करोड़ 45 लाख 44 हजार 377, कोंटा को 9 करोड़ 46 लाख 10 हजार 544, नारायणपुर को 2 करोड़ 13 लाख 19 हजार 625 एवं बीजापुर को 13 करोड़ 59 लाख 53 हजार 320 रूपए का मंडी और निराश्रित शुल्क राज्य सहकारी विपणन संघ ने नहीं ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सचिवों को दिए निर्देश

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि संभाग के सातों जिलों के 11 कृषि उपज मंडी के सचिवों को निर्देश दिया कि वे संबंधित जिला विपणन अधिकारी को लंबित मंडी शुल्क शीघ्र ही भुगतान करने का नोटिस दें। इस पर लापरवाही होने पर सचिवों को नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि आगे बढ़ने का एक अवसर : बैज



**जगदलपुर।** शहर से लगे ग्राम आड़ावाल निवासी सुरला हारिका राव नायडू ने नीट परीक्षा में असफल होने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित मृतात्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। श्री बैज ने दुःख व्यक्त करते कहा कि यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे समाज ▶▶| शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप



### शासकीय हाईस्कूल चांडाबेड़ा में किया 180 पौधों का रोपण

**फरसगांव।** शासन के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल चांडाबेड़ा में शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 180 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ेडोंगर क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सलाम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय की प्राचार्य सुश्री सुरभि, सीएससी पवन निषाद, सुरेंद्र नायक, सोनू नरेटी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण कर पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना रहा।

### धान विक्रय के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन कराना हुआ अनिवार्य

**कोण्डागांव।** खरीफ विपणन वर्ष 2026–27 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय एवं विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से समय रहते पंजीयन एवं आवश्यक संशोधन कराने की अपील की है। किसानों को आधार से लिंक मोबाइल नंबर, आधार कार्ड एवं आवश्यक भूमि संबंधी दस्तावेजों के साथ अपने निकटस्थ प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति या अधिकृत पंजीयन केंद्र में संपर्क करना होगा। पहले से पंजी—त किसान भी अपने रकबे, फसल एवं अन्य विवरण का सत्यापन और आवश्यक संशोधन अवश्य कराएं। विभाग ने बताया कि नवीन किसान, बंटाईदार, वनाधिकार पट्टाधारी तथा अन्य पात्र कृषक भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत एग्रीस्टैक में पंजीयन करा सकते हैं। धान विक्रय के दौरान आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। इसके लिए बैंक खाता, आधार और अन्य व्यक्तिगत जानकारी का अद्यतन होना आवश्यक है। एग्रीस्टैक से जुडने पर किसानों को भविष्य में विभिन्न डिजिटल कृषि सेवाओं एवं शासन की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ भी आसानी से प्राप्त होगा। जिला प्रशासन ने किसानों से आग्रह किया है कि वे शीघ्र अपना एग्रीस्टैक पंजीयन एवं आवश्यक संशोधन पूर्ण कर लें, ताकि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय और अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके।

# उमावि सुरडोंगर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर दिया गया जोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर में संयुक्त शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, अनुशासन, परीक्षा परिणाम तथा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्राचार्य जे. आर. नाविक ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षक और पालक दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों की नियमित पढ़ाई, गृहकार्य, विद्यालय में उपस्थिति तथा व्यवहार पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। साथ ही शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए प्रत्येक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में सुधार, स्वच्छता, नैतिक शिक्षा, समय-समय पर अभिभावकों से संवाद तथा विद्यालय की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान पालकों ने भी अपने सुझाव रखे और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना करते हुए बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक के अंत में सभी पालकों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

**संयुक्त शिक्षक-पालक बैठक**



**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमला नेताम, पार्षद महेश तारम,पार्षद नम्रता भारद्वाज, बृजलाल वेदव्यास,ग्राम पटेल बलराम गौर, अग्रहित कुमेटी, मनीषा सलाम, जमुना बघेल, नवल मरकाम, एवं अन्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर आदर्श एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय विविध आयोजन

# चित्रकला में नितिन, निबंध में पंकज व रंगोली स्पर्धा में प्रवेश रहे अव्वल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव**



राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में चित्रकला, रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम फरसगांव पुलिस एवं विद्यालय प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति एवं सामाजिक समरसता पर आधारित अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर फरसगांव थाना के पीएसआई संदीप कुमार सिंह, पीएसआई सुश्री प्रीतिबाला मांडवी, महिला प्रधान आरक्षक बीना मांडवी, सरस्वती यादव, महंती नेताम सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। आदर्श विद्यालय की चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यमिक वर्ग में नितिन कुमार नेताम प्रथम, अक्षत द्वितीय एवं साहित्य तृतीय रहे। हायर सेकेंडरी वर्ग में तनुज कुमार नेताम प्रथम, दिलीप कावड़े द्वितीय तथा सोमेश्वर तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में पंकज नेताम प्रथम, सेवकराम द्वितीय एवं तुषार नेताम तृतीय रहे। रंगोली प्रतियोगिता के माध्यमिक वर्ग में प्रवेश पोटाई एवं जिज्ञाशु प्रथम, कैलाश बघेल, झानिश गौतम एवं हिमांशु साहू द्वितीय तथा अरुण एवं युवेश तृतीय रहे। हायर सेकेंडरी वर्ग में अभिषेक शोरी एवं निपेंद्र सोनी प्रथम, रोहित पांडे एवं बबलू राम द्वितीय तथा रविंद्र कुमार नाग एवं यशवंत मंडावी एवं तीक्की पांडे एवं प्रांजल कावड़े संयुक्त रूप से तृतीय रहे।

**आत्मानंद में ये रहे विजेता**

वहीं स्वामी आत्मानंद विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में चित्रकला में देवेंद्र सोरी (कक्षा 9वीं) प्रथम एवं सुमन नेताम (कक्षा 9वीं) द्वितीय रहे। रंगोली प्रतियोगिता में भूमिका प्रियंका (कक्षा 9वीं) द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रतिमा नेताम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, संविधान के प्रति सम्मान, देशभक्ति तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

## इंश्योरेंस क्लेम के नाम पर मांगा कमीशन, इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर**

जिले में सैलरी पैकेज इंश्योरेंस क्लेम के नाम पर कथित कमीशनखोरी का मामला सामने आया है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए निरीक्षक सुरेश चंद यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



आरोपी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सैलरी पैकेज इंश्योरेंस का लाभ दिलाने के नाम पर कमीशन की मांग किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत की जांच के बाद कोतवाली थाना में निरीक्षक सुरेश चंद यादव एवं एक अधिवक्ता के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई। प्रारंभिक जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी निरीक्षक को गिरफ्तार कर विधिसम्मत कार्रवाई की। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल ने बताया कि प्रकरण में कानून के अनुसार कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि मामले के सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।यह मामला सामने आने के बाद जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से जारी है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## स्पेशल लोक अदालत में चेक अनादरण प्रकरण का निराकरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल**



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवम गायत्री साय सचिव जिलाविधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय, केशकाल में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर तालुका अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण, केशकाल सौम्याराय के समक्ष परिवादी सूर्यकांत त्रिपाठी, शाखा प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा बांसकोट विरुद्ध अभियुक्त नंदलाल कोर्राम, निवासी खासपारा, लिहागांव, तहसील बड़ेराजपुर, जिला कोण्डागांव के मध्य लंबित धारा 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रकरण का दोनों पक्षों की आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इस प्रकरण में बैंक ऋण से संबंधित चेक अनादरण के विवाद का समाधान स्पेशल लोक अदालत के माध्यम से होने से दोनों पक्षों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया, समय एवं अनावश्यक व्यय से राहत मिली। साथ ही आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवाद का निस्तारण होने से न्यायालय एवं पक्षकारों दोनों को लाभ प्राप्त हुआ। यह सफल निराकरण इस बात का प्रमाण है कि स्पेशल लोक अदालत न्याय को सरल, सुलभ, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण बनाने का प्रभावी माध्यम है, जिससे न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के साथ-साथ पक्षकारों के बीच आपसी विश्वास एवं सद्भाव भी सुदृढ़ होता है।

## सेवा सेतु से घर बैठे सोनम को मिला बच्चे का जाति और आय प्रमाणपत्र

**कोण्डागांव।** शासन की डिजिटल पहल सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं तक आसान और पारदर्शी पहुंच का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इसी पोर्टल के जरिए विकासखंड कोण्डागांव की श्रीमती सोनम कौशिक ने अपने बच्चे का जाति एवं आय प्रमाण पत्र घर बैठे प्राप्त किया। आड़का छेपरा पारा निवासी श्रीमती सोनम कौशिक ने स्थानीय कम्प्यूटर सेंटर के माध्यम से सेवा सेतु पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन किया। निर्धारित समय–सीमा में उन्हें दोनों प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिए गए। सोनम कौशिक ने बताया कि पहले प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कई बार शासकीय कार्यालय जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों खर्च होते थे। अब ऑनलाइन प्रक्रिया से बिना किसी परेशानी के समय पर प्रमाण पत्र मिल गए। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना बेहद आसान है। इससे सरकारी कार्यालयों के बार–बार चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुविधाजनक हो गई है। प्रशासन के अनुसार सेवा सेतु पोर्टल का उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से समयबद्ध और सरल तरीके से उपलब्ध कराना है। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं आसान होने के साथ नागरिकों का शासन पर विश्वास भी मजबूत हो रहा है। आज जिले के अनेक नागरिक अपने नजदीकी ऑनलाइन सेवा केंद्रों के माध्यम से विभिन्न प्रमाण पत्रें और अन्य शासकीय सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर रहे हैं, जिससे समय, धन और श्रम की बचत हो रही है।



## स्कूली विद्यार्थियों को नए कानून, साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों की दी जानकारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव**

थाना अनंतपुर पुलिस ने ग्राम अनंतपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यशाला आयोजित कर छात्र–छात्रओं को नवीन कानूनों, साइबर अपराध से बचाव, यातायात नियमों, नशा मुक्ति एवं अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में विद्यार्थियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देकर कानून के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने ओटीपी किसी से साझा नहीं करने, अज्ञात व्हाट्सएप कॉल से सतर्क रहने, फर्जी लॉटरी के झांसे में नहीं आने तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल अपराध, लैंगिक अपराधों की रोकथाम, महिलाओं की सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान तथा आपातकालीन सहायता के लिए अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र और परमिट साथ रखने, तेज गति एवं शराब पीकर वाहन नहीं चलाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। यह जागरूकता कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती स्निग्धा सिंह के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी गोपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

# ढाई लाख के गांजा सहित तेलगांना का तस्कर गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

▪ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, भेजा गया जेल

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने तेलगांना के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ढाई लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। आरोपी रायपुर जाने धनपुंजी नाका के पास बस का इंतजार का रहा था। इसी स्पॉट में कुछ घंटे पूर्व भी यूपी के दो तस्करों को लाखों रुपए के गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गांजा तस्करी की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काले रंग के बैग में मादक पदार्थ गांजा रखकर धनपुंजी आरटीओ नाका के पास रायपुर की ओर जाने के लिए बस का इंतजार करते खड़ा है। धनपुंजी आरटीओ नाका के पास पहुंचकर काले रंग के बैग के साथ वाहन का इंतजार करते एक संदिग्ध को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम चोले मारूती निवासी शंकरपल्ली एसबीआई बैंक के पीछे थाना शंकरपल्ली जिला रंगारेड्डी तेलंगाना का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे 2 पैकेट में रखा 5 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 2 लाख 50 हजार रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इसी स्पॉट पर कुछ घंटे पूर्व भी यूपी के दो आरोपी हरिओम शर्मा व मोनू चौरसिया निवासी हरदोई उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर 6 लाख 35 हजार रूपए का गांजा बरामद कर जेल भेजा गया था।



**कार्रवाई में इनका रहा योगदान**

*गांजा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, आरक्षक वेदप्रकाश देखमुख, नरेश कश्यप, धर्मेन्द्र कंवर, यशवंत ध्रुव, विक्रम उरांव व सैनिक जगन्नाथ की*

## पेज 11 के शेष

### स्कूलों में लें ....

पूछकर कुछ क्षण के लिए मूर्ख बनना बेहतर है बजाय इसके कि सवाल न पूछकर जीवनभर अज्ञान में रहें। उनके इस संदेश का विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कलेक्टर ने दैनिक जीवन में भौतिकी के उपयोगों के उदाहरण भी दिए। उन्होंने बताया कि कंधे पर बैग टांगने, किताब पलटने या किसी वस्तु को घुमाने जैसी सामान्य गतिविधियों में भी टॉर्क का सिद्धांत कार्य करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विज्ञान को केवल किताबों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने आसपास की गतिविधियों में उसके प्रयोग को समझने का प्रयास करें।निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पंचायतों को 3,243 ....

केवल आदिवासी समुदाय के विकास पर किया जाए। पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून और ग्रामसभाओं की भावना के अनुरूप विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। कश्यप ने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि सार्वजनिक धन का पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना है। ग्राम पंचायतों को सशक्त किए बिना ग्रामीण विकास और आदिवासी क्षेत्रों का समग्र विकास संभव नहीं है।

### धर्मांतरण पर रोक...

अब नही होगी प्रार्थना व चंगाई सभाः सरपंचः इंजरम के सरपंच सलवम राजाराव ने दावा किया कि फंदीगुड़ा में आठ परिवार धर्म परिवर्तन कर चुके हैं, जबकि तीन परिवारों की घर वापसी के बाद फिर से माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। इसी को देखते हुए ग्राम सभा में पुनः निर्णय लिया गया कि गांव में किसी भी प्रकार की प्रार्थना सभा या चंगाई सभा आयोजित नहीं होने दी जाएगी।

### मां दंतेश्वरी मंदिर ...

के चढ़ावे का पूरा हिसाब होने के बावजूद चढ़ावे-दान का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक नहीं जाना किया गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रशासनिक स्तर पर संज्ञान में लेकर प्रति वर्ष अद्यतन रिकॉर्ड सार्वजनिक किये जाने की व्यवस्था की जावे, अन्यथा कांग्रेस श्रद्धालुओं के साथ बैठकर आगे की कार्यवाही करने बाध्य होगा।

दान राशि और ज्योति कलश से आए राशि का ब्यौरा सामने रखा जाए : श्री शुक्ला ने कहा कि मां दंतेश्वरी मंदिर में प्रति वर्ष चढ़ावे में अनुमानित राशि दान पेटी से 15 से 20 लाख रुपए नगद एवं ज्योति-कलश से 35 से 40 लाख रुपए के आने की बात कही गई है। चार दशक से हिसाब सार्वजनिक नही किये जाने से अब मंदिर से जुड़े कई लोग और श्रद्धालु इस विषय पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर की संपत्ति किसी व्यक्ति या विभाग की नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था की धरोहर मानी जाती है। आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक होना चाहिए।

### विपणन ने 1.09 अरब ....

दिया। संभाग के 11 मंडी के सचिव क्षेत्र के राज्य सहकारी विपणन संघ के अधिकारी को समय-समय पर लंबित मंडी शुल्क के लिए नोटिस दिया पर इस पर विपणन अधिकारी का ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### असफलता जीवन का ...

व बस्तर के लिए चिंता का विषय है। आज प्रतियोगी परीक्षाओं का बढ़ता दबाव, लगातार असफलता का मानसिक बोझ और युवाओं के लिए मनोवैज्ञानिक सहयोग की कमी अनेक विद्यार्थियों को अवसाद की ओर धकेल रही है। आज विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। परिवार, समाज, शैक्षणिक संस्थानों और सरकार को मिलकर ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए जहां असफलता को जीवन का अंत नहीं, बल्कि आगे बढ़ने का एक अवसर माना जाए। इस अवसर पर प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू , शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, संतोष सेठिया, कविता साहू, रविशंकर तिवारी, विजय सिंह,प्रशांत जैन, अनुराग महतो, दयाराम कश्यप, प्रणय शील मंडल, मुकुंद राम नेताम, प्रभुदास, साहिल हीयाल, राजू राव मौजूद रहे।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा में किया पौधरोपण



**गीदम।** प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा संकुल केंद्र बारसूर विकासखंड गीदम में विद्यालय परिसर में नगर पंचायत अध्यक्ष बारसूर सुभद्रा नेगी, जसवीर नेगी अध्यक्ष मानवाधिकार परिषद छ ग, संकुल समन्वयक बारसूर, प्रधान अध्यापक टीना नाग शाला प्रबंधन समिति विद्यार्थियों, शिक्षकों के संयुक्त प्रयास से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक एवं उपस्थित अतिथियों ने पौधारोपण कर किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता तथा स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने में पौधों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक यह संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे तथा अपने घर और आसपास भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे।

### विरेश भाजयुमो के जिला सह प्रभारी नियुक्त

**गीदम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय ने भाजयुमो के संगठनात्मक ढांचे को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संभाग एवं जिला प्रभारियों-सहप्रभारियों की सूची जारी की है। इस सूची में बीजापुर के लिए गीदम के युवा नेता विरेश मिश्रा पर भरोसा जताते हुए संगठन ने उन्हें भाजयुमो सह-प्रभारी नियुक्त किया है।



राजनीतिक दृष्टिकोण से बीजापुर वैचारिक और भौगोलिक दोनों मोर्चों पर एक जटिल कार्यक्षेत्र है। बीजापुर जैसे क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए यह आवश्यक है कि वहां की मिट्टी, संस्कृति और स्थानीयता की नब्ज को समझा जाए। विरेश मिश्रा की जमीनी पकड़ और सक्रिय संगठनात्मक भूमिका को देखते हुए ही प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति के साथ ही बीजापुर जिले में भाजयुमो के अभियानों में तेजी आने की संभावना है। नवनियुक्त सह-प्रभारी के समक्ष जिले के सुदूर वनांचलों और दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा के झंडे तले एकजुट करने की चुनौती होगी।

### निधन

#### अलगू कुशवाहा

**किलेपाल।** कुशवाहा समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी किलेपाल निवासी कांग्रेस नेता अलगू कुशवाहा का 16 जुलाई की रात्रि में निधन हो गया। वे पुत्र अखिलेश कुशवाहा एवं 4 पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये। वे राजनीति और पत्रकारिता में काफी सक्रिय थे।



# मुख्य न्यायाधीश ने विशेष लोक अदालत का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने त्वरित, सुलभ एवं आपसी समझौते से न्याय दिलाने के उद्देश्य के साथ दीप प्रज्वलित कर वर्ष की प्रथम विशेष लोक अदालत का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा से प्रदेश के सभी 23 जिलों के लिए वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया।

■ जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने न्यू सर्किट हाउस में किया आत्मीय स्वागत

विशेष लोक अदालत में प्रदेशभर में परक्राम्य लिखत अधिनियम से संबंधित लगभग 7,930 प्रकरण निराकरण के लिए रखे गए। उद्घाटन समारोह से पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अन्य न्यायाधीशों, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों ने मुख्य न्यायाधीश का आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कहा कि चेक अनादरण से जुड़े प्रकरण समझौता योग्य हैं और इनके आपसी सहमति से निराकरण होने पर पक्षकारों के समय एवं धन की बचत होती है। साथ ही न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है, जिससे अन्य प्रकरणों के त्वरित निराकरण में सहायता मिलती है। उन्होंने विशेष लोक अदालत को आम नागरिकों के लिए सुलभ एवं प्रभावी न्याय का सशक्त माध्यम बताते हुए न्यायिक अधिकारियों से अधिकाधिक पुराने एवं लंबित मामलों के निराकरण का प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को






उच्चतम न्यायालय में लंबित प्रकरणों के आपसी समझौते से निपटारे के लिए भी पूर्ण निष्ठा से सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर न्यायमूर्ति ने दंतेवाड़ा जिला न्यायालय की विभिन्न खंडपीठों एवं अनुभागों का निरीक्षण किया, लोक अदालत की कार्यवाही का अवलोकन कर प्रकरणों के निराकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत न्यायालय परिसर में रुद्राक्ष का पौधा भी रोपित किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने स्वागत उद्बोधन में मुख्य न्यायाधीश का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में राज्यभर में न्यायालय भवनों, न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासों सहित न्यायिक अधोसंरचना का तेजी से विकास हुआ है। इसी क्रम में दंतेवाड़ा जिले को न्यायिक कर्मचारियों एवं न्यायाधीशों के आवास, न्यायालय परिसर में डाकघर, डिजिटलीकरण केंद्र तथा सुकमा एवं बीजापुर में न्यायालय भवन एवं आवास निर्माण की सौगात मिली है।

अंत में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, दंतेवाड़ा ने मुख्य न्यायाधीश एवं उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में जिले के न्यायाधीशगण, कलेक्टर देवेश कुमार धुरव, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, डीएफओ रामकृष्ण रंगानाथा वाय, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं प्रदेश के अन्य सभी जिलों के न्यायाधीश वर्चुअल माध्यम से समारोह में शामिल हुए।

### मां दंतेश्वरी के मुख्य न्यायाधीश ने किए दर्शन



छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने आज अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ विश्व प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में उन्होंने मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश के सर्वांगीण विकास एवं जनकल्याण की मंगल कामना की। दंतेवाड़ा आगमन पर न्यू सर्किट हाउस में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा का आत्मीयस्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अपूर्वा दांगी, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम लोकांश एल्मा सहित न्यायालय एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बचेली आगमन पर दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा का बचेली स्थित एनएमडीसी विश्राम गृह में आगमन हुआ। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर गरिमापूर्ण एवं आत्मीय स्वागत किया। मुख्य न्यायाधीश के सम्मान में जिला पुलिस बल द्वारा आकर्षक गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। आगमन के दौरान प्रशासन एवं न्यायपालिका के अधिकारियों ने उनका अभिनंदन करते हुए जिले में स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एम. भार्गव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अपूर्वा दांगी, एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक कोड़ली श्रीधर, एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर सहित न्यायालय एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चार दशक का इंतजार खत्म सूखी नहर में बही जीवनधारा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

43 वर्षों से अधूरी उम्मीदों और सूखी पड़ी नहर का दर्द झेल रहे किसानों के खेतों तक आखिरकार फिर से पानी पहुंच गया है, कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि कोयाबेकुर व्यपवर्तन योजना का पुनर्जीवन सुकमा के किसानों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

■ साय सरकार की पहल से पुनर्जीवित हुई कोयाबेकुर व्यपवर्तन योजना

सुकमा जिले के कोयाबेकुर और गोल्लाबेकुर क्षेत्र के किसानों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है। करीब 43 वर्षों से अधूरी उम्मीदों और सूखी पड़ी नहर का दर्द झेल रहे किसानों के खेतों तक आखिरकार फिर से पानी पहुंच गया है।

### कलेक्टर की समीक्षा के बाद जागी थी उम्मीद

कुछ दिन पूर्व कलेक्टर अमित कुमार ने स्वयं परियोजना स्थल का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की थी और अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। इसके सकारात्मक परिणामस्वरूप जून 2026 में नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचा और वर्षों से सूखे पड़े खेतों में हरियाली की नई उम्मीद जाग उठी।

1983 में शुरू हुई थी योजना, लेकिन दशकों तक उम्मीद अधूरी रही थी।

### विकास और विश्वास का नया अध्याय



प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कोयाबेकुर व्यपवर्तन योजना का पुनर्जीवन यह साबित करता है कि संवेदनशील नेतृत्व, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रभावी प्रशासनिक कार्यशैली से दशकों पुरानी समस्याओं का समाधान संभव है। मंत्री श्री केदार ने कहा सुकमा जैसे दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में यह परियोजना केवल नहर का पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि किसानों की आर्थिक आजादी', ग्रामीण विकास और समृद्धि की नई इबारत है।

### किसानों के जीवन में आएगा बड़ा बदलाव



कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि कोयाबेकुर व्यपवर्तन योजना का पुनर्जीवन सुकमा के किसानों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में वर्षों से लंबित इस परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूरा किया गया है। इससे 100 से अधिक किसानों को नियमित सिंचाई सुविधा मिलेगी, 160 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय तथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में और अधिक किसानों तक नहर का लाभ पहुंचाने के लिए विस्तार योजना पर भी कार्य किया जा रहा है।

### 100 से अधिक किसानों की भूमि होंगी सिंचित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की प्राथमिकता और जिला प्रशासन की सतत निगरानी से कोयाबेकुर व्यपवर्तन योजना को नया जीवन मिला है। अब इस योजना से 100 से अधिक किसानों के 160 हेक्टेयर कृषि रकबे को नियमित सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र में खेती और किसानों की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।

### 1983 से कलेक्टर का था नहर को इंतजार

कोयाबेकुर व्यपवर्तन योजना की शुरुआत वर्ष 1983 में हुई थी। उस समय किसानों को सिंचाई का बड़ा सहारा मिलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन रखरखाव के अभाव और नक्सल प्रभावित परिस्थितियों के कारण नहर धीरे-धीरे पूरी तरह बंद हो गई। इसके बाद किसानों को केवल बारिश पर निर्भर रहना पड़ा या महंगे बोरवेल के सहारे खेती करनी पड़ी, जिससे उत्पादन और आय दोनों प्रभावित हुए। पिछले दिनों कलेक्टर अमित कुमार के संज्ञान में उक्त बात आई और तत्काल इस पर पहल शुरू कर दी।

### 187 लाख रुपए से हुआ नहर का कायाकल्प

सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता शांतनु विश्वास ने बताया कि वर्ष 2023 में इस परियोजना के लिए 187.22 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली। इसके बाद जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 से नहर के व्यापक जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हुआ। लगभग 2.74 किलोमीटर लंबी नहर की सीसी लाइनिंग, आधुनिक संरचनाओं का निर्माण और मरम्मत कर इसे पूरी तरह नया स्वरूप दिया गया।

### टूट चुकी उम्मीद फिर लौट आई

किसान संपत यादव ने भावुक होकर कहा, ‘जब यह नहर बनी थी तब हम छोटे थे। कुछ समय तक पानी आया, फिर नहर सूख गई। हमने कभी नहीं सोचा था कि दोबारा इसमें पानी बहेगा। अब गर्मी में भी खेती कर सकेंगे, लागत कम होगी और आमदनी बढ़ेगी। इसके लिए हम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के आभारी हैं। किसान मुकेश कुमार सोड़ी ने कहा, ‘गोल्लाबेकुर नहर के पुनर्जीवित होने से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। खेतों तक पानी पहुंचने से सिंचाई आसान होगी।

### लामकेर झारतरई सड़क मार्ग बदहाल...



**भोण्ड।** बस्तर विकासखंड के लामकेर–झारतरई प्रधानमंत्री सड़क मार्ग की बदहाली बनी आम लोगों के लिए बड़ी मुसीबत, गड्ढों से भरी सड़क पर हर दिन जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर ग्रामीण।

# गीदम समिति का तेंदूपत्ता 38 वर्षों में सर्वाधिक दर पर बिका

## संग्राहकों को मिलेगा लाभ, 4000 परिवार होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति गीदम के लिए वर्ष 2026 ऐतिहासिक रहा। राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा 16 जुलाई को आयोजित ऑनलाइन निविदा में समिति अंतर्गत शासकीय संग्रहण का तेंदूपत्ता 10,609 एवं 10,909 प्रति मानक बोरा की दर से विक्रय

■ समिति का तेंदूपत्ता 7,689 प्रति मानक बोरा की दर से बिका

हुआ। वर्ष 1988 से संचालित समिति के 38 वर्षों के इतिहास में यह सर्वाधिक विक्रय दर है, जो समिति एवं क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। वर्ष 2025 में समिति का तेंदूपत्ता 7,689 प्रति मानक बोरा की दर से विक्रय हुआ था, जबकि इस वर्ष रिकॉर्ड दर प्राप्त हुई है। शासकीय खरीदी में गीदम समिति प्रदेश में सर्वाधिक दर प्राप्त करने वाली समितियों में शामिल हो गई है। अधिक दर पर विक्रय होने से प्राप्त अतिरिक्त आय का लाभ बोनस के रूप में समिति अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले लगभग 4,000 संग्राहक परिवारों को मिलेगा। इससे वनाश्रित परिवारों की आय बढ़ेगी और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इस उपलब्धि पर मुख्य वन संरक्षक, डीएफओ दंतेवाड़ा, समस्त वन विभाग, जिला लघु वनोपज संघ के कर्मचारियों, सभी फड़ मुंशी भाइयों एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी साथियों के प्रति समिति ने आभार व्यक्त किया है। समिति ने इसे सभी के सामूहिक प्रयास एवं समर्पण का परिणाम बताया।





### संग्राहकों का हित सर्वोपरि

डीएफओ दंतेवाड़ा ने समिति के सभी अधिकारी-कर्मचारियों, फड़ मुंशियों एवं सहयोगी अमले को बधाई देते हुए कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों का हित सर्वोपरि है। अधिक दर पर विक्रय का सीधा लाभ बोनस के रूप में संग्राहक परिवारों को मिलेगा तथा भविष्य में भी पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य के माध्यम से उनके हितों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### 100 प्रतिशत ऑनलाइन भुगतान

जिला यूनियन दंतेवाड़ा द्वारा पिछले कई वर्षों से तेंदूपत्ता संग्रहण, बोनस, छात्रवृत्ति, बीमा एवं लघु वनोपज संबंधी कार्य ऑनलाइन ऐप के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। राज्य शासन की डिजिटल भुगतान व्यवस्था के तहत डीबीटी के माध्यम से संग्राहकों के बैंक खातों में राशि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सीधे जमा की जाती है। इससे भुगतान प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी हुई है तथा संग्राहकों को समय पर सीधा लाभ मिल रहा है।

# शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पहुंचे नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भानपुरी

कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के आदेशानुसार जिले की शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता लाने के लिए विभिन्न जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को अपने निर्धारित शालाओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं के बेहतर परिणाम, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, समय पर पाठ्यक्रम पूर्णता, पंजियों का उचित संधारण एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

इसी कड़ी में आज विकासखंड बस्तर के सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने आवंटित हायर सेकेंडरी स्कूल केशरपाल का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बच्चों की क्लास लेकर शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया। इसके पश्चात शिक्षकों की बैठक लेकर पाठ्यक्रम की प्रगति पर चर्चा की गई तथा पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। वहीं बीपीएम बस्तर एनआरएलएम अमित कुजूर ने निर्धारित हायर



सेकेंडरी स्कूल मुंडगांव में पहुंचकर शैक्षणिक गुणवत्ता का अवलोकन किया गया। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम की पूर्णता के संबंध में चर्चा की एवं मूल्यांकन कॉपियों का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान स्कूल में पदस्थ सभी शिक्षक एवं प्राचार्य उपस्थित पाए गए। हालांकि छात्र-छात्राओं की औसत उपस्थिति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाई गई। अधिकारियों ने उपस्थिति सुधारने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को यह सतत निरीक्षण जारी रहेगा ताकि जिले की शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके।

## आईजी बंगला चौक बना दुर्घटनाओं का डेंजर जोन : राव

**जगदलपुर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव शंकर राव ने शहर के लालबाग से लगे आईजी बंगला के सामने चौराहे पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताई है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में जिला प्रशासन, यातायात विभाग एवं पुलिस प्रशासन से तत्काल उक्त चौक में अस्थाई यातायात नियंत्रण बूथ लगाने एवं एक ट्रेफिक हवलदार को ड्यूटी पर तैनात करने की मांग की है। अस्थाई बूथ होने से दशहरे के रथ परिचालन में भी कोई दिक्कत नहीं आएगी। मांग पूरी नहीं होने पर जन-भागीदारी के माध्यम से चौक को यातायात हेतु सुगम और सुरक्षित बनाने का जिम्मा उठाने की बात कही है। शंकर राव ने गत रात्रि हुई भीषण दुर्घटना में दो युवकों की मृत्यु एवं पूर्व में भी हुए दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए यह मांग करते चिंता व्यक्त की है। नगर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाना निगम की जिम्मेदारी होती है परंतु आज असंवेदनशील लोग नगर की कमान सम्हाल रहे हैं इसीलिए उन्हें इन दुर्घटनाओं से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। परंतु एक जिम्मेदार नागरिक और मुख्य विपक्षी दल के नेता होने के नाते हम सरकार और प्रशासन दोनों को चेताते हुए मांग करते हैं कि तत्काल उक्त चौराहे को परिवहन के लिए सुरक्षित बनाए अन्यथा मजबूरन हमें ही आगे आकर जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी।



# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में बस्तर विकासखंड की 350 प्राथमिक शालाओं के प्रधान अध्यापकों की त्रि-जोन स्तरीय बैठक मुंडागांव, भानपुरी एवं बस्तर जोन में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, विद्यालयों में नवाचार आधारित शिक्षण तथा विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा।

बैठक में सभी 350 प्राथमिक शालाओं की ग्रेडिंग कर कमजोर विद्यालयों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने, यू-डाइस पोर्टल में कक्षा पहली के विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि, एमबीयू अपडेट, जाति प्रमाण-पत्र हेतु दस्तावेज संकलन तथा कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों की जवाहर नवोदय चयन परीक्षा की बेहतर तैयारी एवं अधिकतम पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही स्मार्ट टीवी एवं डिजिटल माध्यमों से शिक्षण, एफएलएन गतिविधियों का प्रभावी संचालन, स्वच्छ विद्यालय वातावरण, मुस्कान पुस्तकालय, मॉडल स्कूल विकास, बोलेगा बचपन कार्यक्रम, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, ड्रॉपआउट बच्चों की पुनः विद्यालय में वापसी, छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ,



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम तथा वीएसके ऐप सहित सभी विभागीय पोर्टलों पर शत-प्रतिशत पंजीयन एवं नियमित ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने सभी प्रधान अध्यापकों से नवाचार, अनुशासन एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने तथा बस्तर विकासखंड को शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के उत्कृष्ट विकासखंडों में स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### एमसीए व एमबीए प्रवेश परीक्षा 25 को

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विवि में संचालित एमसीए एवं एमबीए पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा 25 जुलाई को होगी। इसके लिए विवि के कालीपुर परिसर स्थित एमसीए व एमबीए बिल्डिंग को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच होगी। प्रवेश पत्र विवि के वेबसाईट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। एमबीए प्रवेश परीक्षा के तुरंत बाद शनिवार को ही सवा एक बजे से ग्रुप डिस्कशन एवं इंटरव्यू का आयोजन होगा।

# काटा गया जानलेवा सूखा पेड़, कई वीआईपी इलाके रहे प्रभावित

## हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद जागा निगम व वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

**खबर का असर**

- कृषि, पीडब्ल्यूडी कार्यालय व विधायक का शासकीय आवास के लोगों को मिली राहत

शहर में 1000 से ज्यादा पेड़ खतरनाक माने जा सकते हैं। यदि अब भी ध्यान नहीं दिया गया तो इनकी संख्या तेजी से बढ़ेगी, कुछ पेड़ के तो तने देखकर ही उनके सूख जाने का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिससे वन विभाग एवं निगम ने सूखा पेड़ों को हटाने का काम किया। इसके तहत शनिवार को एसबीआई चौक के सामने कृषि कार्यालय में मौत बने सूखा वृक्ष की कटाई की गई, इससे कृषि, पीडब्ल्यूडी कार्यालय एवं बस्तर विधानसभा के विधायक लखेश्वर बघेल का शासकीय आवास के लोगों को राहत मिली। कटाई से पूर्व पेड़ में सटी हुई विद्युत लाईन सुबह 10 बजे से दिन भर बिजली बंद की गई थी। विद्युत कंपनी की ओर लाईन बंद होने के चलते दुर्गा चौक, सांसद का शासकीय निवास, लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग जगदलपुर कार्यालय, लोनिवि का मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कृषि कार्यालय प्रभावित रहे। साथ ही यातायात पुलिस ने दोनों तरफ से मार्ग को बंद किया गया था, जिससे दुर्घटना से बच सके। इसी तरह लालबाग, जिला सहकारी बैंक के सामने, कुम्हारपारा, नयापारा, धरमपुरा क्षेत्र सूखे पेड़ों की कटाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि इसी तरह लालबाग, जिला सहकारी बैंक के सामने, कुम्हारपारा, नयापारा, धरमपुरा क्षेत्र सूखे पेड़ों की कटाई नहीं की जा रही है, यदि समय रहते इन पेड़ों को नहीं काटा गया, तो बड़ा हादसा हो सकता है।






**डिपो भेजी गई लकड़ी :** वन विभाग जगदलपुर के परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने इस संबंध में बताया कि लोगों को राहत देने के लिए शनिवार को कृषि कार्यालय परिसर में सूखे पेड़ को निगम के सहयोग से काटा गया। कटी हुई पेड़ की लकड़ी को वन विभाग के डिपो में भेज दिया गया।

## करीतगांव स्कूल में फायर सेफ्टी मॉकड्रिल

# विद्यार्थियों ने सीखे सीपीआर और आग बुझाने के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- प्रशिक्षित टीम ने आकस्मिक विपदा में संयम और आत्मविश्वास बनाए रखने दी जानकारी

बकावंड ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से खेल मैदान में फायर एंड सेफ्टी मॉकड्रिल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

प्राचार्या मोनिता पाणिग्राही एवं शिक्षकों ने जिला आपदा प्रबंधन एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारी, प्रभारी एवं उनकी विशेषज्ञ टीम का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

अग्निशमन विभाग के अधिकारी एस.के. मार्बल के सहयोग से प्रभारी सुशील कुमार साहू एवं टीम ने आगजनी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से कार्य करने का प्रशिक्षण दिया। अग्निशामक यंत्र का सही उपयोग, पिन खींचने, सही दिशा में लक्ष्य निर्धारित कर आग बुझाने की तकनीक, सी.पी.आर, घबराहट पर नियंत्रण रखने तथा संकट की घड़ी में सूझबूझ एवं साहस के साथ कार्य करने के उपायों का प्रदर्शन किया गया। आपदा के समय बचने के लिए विभिन्न प्रकार की गठान के बारे में जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि किसी भी आपदा के समय घबराने के बजाय सतर्कता, त्वरित निर्णय और सही जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है। 700 विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल ढंग से समाधान किया। विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों का अनुभव भी कराया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता का विकास हुआ। स्काउट एंड गाइड कैडेट ने भी इस प्रशिक्षण में भाग लिया।



### प्रशिक्षण से आता है आत्मविश्वास

प्राचार्य ने टीम का आभार व्यक्त करते कहा कि ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को जानकारी के साथ आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करने का आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी वाणी हुमने, लोकेश्वर निषाद, इंद्रजीत साहु एवं शिक्षकगण सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सिरहासार मुख्य मार्ग बंद, वैकल्पिक मार्ग का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- गोंचा पर्व के चलते दूसरे जर्जर मार्ग से गुजरना लोगों की मजबूरी, निगम की लापरवाही



नगर के सिरहासार भवन के पीछे वाली गली का हाल बेहाल है। गोंचा पर्व के चलते मुख्य मार्ग सिरहासार भवन के सामने भगवान जगन्नाथ के विभिन्न आयोजनों के कारण रास्ता बंद है। इसलिए कीचड़ से सने मार्ग से गुजरते हुए राहगीरों को परेशानी हो रही है। बस्तर की आराध्य मां दंतेश्वरी मंदिर, सीरासार चौक होकर जाने का एक मात्र रास्ता भी यही है, कीचड़ से भरे इस मार्ग से गुजरना राहगीरों की मजबूरी है। इस रास्ते से गुजरने वाले एक राहगीर किरण शुक्ला ने बताया कि जगन्नाथ भगवान के पूजा अर्चना के लिए 6 दिनों तक रास्ता बंद करने का विरोध नहीं है। लेकिन निगम द्वारा वैकल्पिक मार्ग को डस्ट इत्यादि डाल कर दुरुस्त करना चाहिए था। क्योंकि इस रोड से लोगों का आना जाना लगा रहता है यहां पर लोग गाय के लिए दाना खरीदने आते है। कई बार गाड़ी अन बैलेंस होकर गिर जाती है इस कारण दुर्घटनाओं का भय हमेशा बना रहता है। नगर के बीचों बीच स्थित इस मार्ग को जल्द नगर निगम को मरम्मत करवाना चाहिए ताकि लोगों को आने जाने में सुविधा हो।










